प्रभात खबर

Dhanbad News: निरसा में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो पर केस

Dhanbad News: निरसा थाना क्षेत्र के हिकिमडाल गांव निवासी श्रीनाथ हेंब्रम के घर में आबकारी विभाग व निरसा पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. संयुक्त टीम ने वहां से 325 लीटर अवैध शराब, सैकड़ों खाली बोतल, कॉर्क, विभिन्न ब्रांड के स्टिकर, कच्चा स्पिरिट, बोतल शील करने की मशीन आदि जब्त किया है. छापेमारी के दौरान शराब तस्कर बेनागड़िया जोगीतोपा के रहने वाले विकास साहनी व गृहस्वामी श्रीनाथ हेंब्रम भागने में सफल रहा. जब्त शराब व सामानों को आबकारी टीम धनबाद ले गयी. इस संबंध में निरसा थाना में विकास साहनी, श्रीनाथ हेंब्रम सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/fake-liquor-factory-busted-in-nirsa